**भारत सरकार**

**विद्युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3932**

**दिनांक 19 दिसंबर, 2024 को उत्तरार्थ**

**विद्युत का उत्पादन और उपभोग**

**3932. श्री उम्मेदा राम बेनीवालः**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश में विद्युत के उत्पादन, मांग और खपत में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो राजस्थान सहित तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में विद्युत की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा तैयार की गई भावी योजनाओं का राज्यवार, विशेषकर राजस्थान के संदर्भ में ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने नई विद्युत परियोजनाएं स्थापित/अनुमोदित की हैं और यदि हां, तो राजस्थान सहित तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या बाड़मेर और जैसलमेर के लोगों को घरेलू और कृषि उपयोग के लिए विद्युत नहीं मिल पा रही है जबकि देश में विद्युत उत्पादन में उक्त क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार द्वारा उन्हें पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**विद्युत राज्य मंत्री**

**(श्री श्रीपाद नाईक)**

**(क) :** पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में विद्युत उत्पादन, मांग और खपत में लगातार वृद्धि हुई है। पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष अर्थात् वर्ष 2024-25 (अक्तूबर, 2024 तक) के दौरान ऊर्जा उत्पादन का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा **अनुबंध-I** पर है। पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष अर्थात् वर्ष 2024-25 (अक्तूबर, 2024 तक) के दौरान ऊर्जा आवश्यकता और ऊर्जा की आपूर्ति (राजस्थान सहित) का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा **अनुबंध-II** पर है।

**(ख) और (ग) :** 20वें विद्युत ऊर्जा सर्वेक्षण (ईपीएस) की मध्यावधि समीक्षा के अनुसार, वर्ष 2031-32 में देश की विद्युत की उच्चतम मांग 388 गीगावाट रहने का अनुमान है। राजस्थान के साथ-साथ इस विद्युत मांग को पूरा करने के लिए सरकार ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

**1. उत्पादन योजना:**

(i) वर्ष 2031-32 में संस्थापित उत्पादन क्षमता 900 गीगावाट होने की संभावना है। इसमें पारंपरिक स्रोतों- कोयला, लिग्नाइट आदि, नवीकरणीय स्रोतों- सौर, पवन, जलविद्युत, पंप भंडारण परियोजना (पीएसपी) और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) से प्राप्त क्षमता शामिल है।

(ii) यह सुनिश्चित करने के लिए कि उत्पादन क्षमता अनुमानित उच्चतम मांग से अधिक रहे, सभी राज्यों ने सीईए के परामर्श से अपनी **"संसाधन पर्याप्तता योजनाएं (आरएपी)"** तैयार की हैं, जो 10 वर्षीय गतिशील रोलिंग योजनाएं हैं और इसमें विद्युत उत्पादन के साथ-साथ विद्युत क्रय योजना भी शामिल है।

(iii) सभी राज्यों को सलाह दी गई कि वे अपनी संसाधन पर्याप्तता योजनाओं के अनुसार सभी उत्पादन स्रोतों से उत्पादन क्षमता के सृजन/अनुबंध की प्रक्रिया आरंभ करें।

(iv) विद्युत उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए, भारत सरकार ने निम्नलिखित क्षमता वृद्धि कार्यक्रम शुरू किया है:

(क) विद्युत मंत्रालय ने राज्यों के परामर्श से, वर्ष 2031-32 तक न्यूनतम 80,000 मेगावाट की तापविद्युत क्षमता संवर्धन संबंधी योजना की परिकल्पना की है। इस लक्ष्य की तुलना में, 29,200 मेगावाट तापविद्युत क्षमता पहले से ही निर्माणाधीन है, जबकि 51,520 मेगावाट योजना और विकास के विभिन्न चरणों में है।

(ख) 13,997.5 मेगावाट की जलविद्युत परियोजनाएँ और 6,050 मेगावाट पंप स्टोरेज परियोजनाएँ (पीएसपी) निर्माणाधीन हैं। 24,225.5 मेगावाट की जलविद्युत परियोजनाएँ और 50,760 मेगावाट की पीएसपी योजना के विभिन्न चरणों में हैं और इसे वर्ष 2031-32 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

(ग) 7,300 मेगावाट न्यूक्लियर क्षमता निर्माणाधीन है और इसे 2029-30 तक पूरा करने का लक्ष्य है। 7,000 मेगावाट क्षमता योजना और अनुमोदन के विभिन्न चरणों में है।

**2. पारेषण योजना:** अंतर-राज्यीय और अंत: राज्यीय पारेषण प्रणाली की योजना बनाई गई है और उत्पादन क्षमता वृद्धि के अनुरूप समय-सीमा में इसका कार्यान्वयन किया जा रहा है। राष्ट्रीय विद्युत योजना के अनुसार, वर्ष 2022-23 से 2031-32 तक की दस वर्ष की अवधि के दौरान लगभग 1,91,474 सीकेएम पारेषण लाइनें और 1274 जीवीए ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता (220 केवी और उससे अधिक वोल्टेज स्तर पर) जोड़ने की योजना है।

राजस्थान में कई सबस्टेशनों पर ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता बढ़ाने के लिए कदम उठाए गए हैं, जिसे वर्ष 2026-27 तक पूरी होने की संभावना है, जैसे- फतेगढ़-3 (5500 एमवीए), बीकानेर (1500 एमवीए), कोटपूतली (500 एमवीए), बीकानेर II (2500 एमवीए), बीकानेर (पीजी) (1500 एमवीए), फतेहगढ़-2 पीएस (500 एमवीए), भादला-2 पीएस (1500 एमवीए), केपीएस 3 (जीआईएस) (1500 एमवीए), सीकर-II (300 एमवीए), भादला III (8500 एमवीए), रामगढ़ पीएस (4500 एमवीए), दौसा (300 एमवीए), बीकानेर-III पूलिंग स्टेशन (11500 एमवीए), सिरोही (300 एमवीए), बाड़मेर-I पूलिंग स्टेशन (5500 एमवीए), बीकानेर-IV पूलिंग स्टेशन (1200 एमवीए), बियावर (300 एमवीए), नीमराना-II (600 एमवीए) और फतेहगढ़-4 (1100 एमवीए)।

**3. वितरण प्रणाली योजना:**

(क) दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई), एकीकृत विद्युत विकास योजना (आईपीडीएस) और प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) जैसी स्कीम के माध्यम से देश की वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए लगभग 1.85 लाख करोड़ रुपये का परिव्यय किया गया। भारत सरकार ने अब वित्तीय रूप से स्थिर और प्रचालनात्मक रूप से कुशल वितरण क्षेत्र के माध्यम से उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार लाने के उद्देश्य से दिनांक 20 जुलाई, 2021 को "संसोधित वितरण क्षेत्र स्कीम (आरडीएसएस)" की शुरूआत की है। इस स्कीम का परिव्यय 3,03,758 करोड़ रुपये है और वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26 तक पांच वर्षों की अवधि के लिए भारत सरकार से 97,631 करोड़ रुपये का सकल बजटीय समर्थन प्राप्त है। आरडीएसएस के तहत, राष्ट्रीय स्तर पर वितरण अवसंरचना कार्यों और स्मार्ट मीटरिंग कार्यों के लिए 2.77 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है।

(ख) वर्ष 2030 तक अनुमानित मांग को पूरा करने के लिए वितरण अवसंरचना की आवश्यकता के महत्व को समझते हुए, सीईए द्वारा वर्ष 2029-30 तक की वितरण परिप्रेक्ष्य योजना तैयार की गई है और इसे राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ साझा किया गया है।

**4. नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का संवर्धन:**

(क) भारत ने वर्ष 2031-32 तक गैर जीवाश्म ईंधन आधारित संस्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता को 5,00,000 मेगावाट से अधिक तक बढ़ाने की प्रतिबद्धता जताई है। 5,00,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के एकीकरण के लिए पारेषण योजना को चरणबद्ध तरीके से नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के अनुरूप लागू किया जा रहा है।

(ख) सौर, पवन, पंप स्टोरेज संयंत्र और बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणालियों से विद्युत उत्पादन के पारेषण पर आईएसटीएस शुल्क की छूट दी गई है।

(ग) वर्ष 2029-30 तक नवीकरणीय क्रय दायित्व (आरपीओ) और ऊर्जा भंडारण दायित्व प्रक्षेप पथ।

(घ) हरित ऊर्जा गलियारों का निर्माण और 13 नवीकरणीय ऊर्जा प्रबंधन केंद्र की स्थापना।

(ङ) बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए नवीकरणीय ऊर्जा विकासकर्ताओं को भूमि और पारेषण प्रदान करने के लिए अल्ट्रा मेगा नवीकरणीय ऊर्जा पार्कों की स्थापना।

राजस्थान सहित देश में निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध-III** पर है।

**(घ) एवं (ङ) :** विद्युत एक समवर्ती विषय होने से, किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में उपभोक्ताओं को विद्युत की आपूर्ति और वितरण संबंधित राज्य सरकार/विद्युत यूटिलिटी के अधिकार क्षेत्र में आता है। किसी भी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के विद्युत उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए विभिन्न स्रोतों से उचित मात्रा में विद्युत की व्यवस्था करना संबंधित राज्य सरकार और राज्य विद्युत विनियामक आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। केंद्र सरकार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (सीपीएसयू) के माध्यम से केंद्रीय क्षेत्र में विद्युत संयंत्र स्थापित करके और उनसे विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को विद्युत आबंटित करके राज्य सरकारों के प्रयासों में सहायता करती है।

भारत सरकार ने अक्तूबर, 2024 से मार्च, 2025 तक सर्दियों के महीनों के लिए राजस्थान को केंद्रीय उत्पादन स्टेशनों के उत्तरी क्षेत्र के गैर-आबंटित पूल से 18.3% (लगभग 238.5 मेगावाट) विद्युत आबंटित की है। इसके अलावा, राजस्थान की विद्युत आपूर्ति की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान समय-समय पर केंद्रीय उत्पादन स्टेशनों के गैर-आबंटित क्षेत्रीय विद्युत पूल से राजस्थान को अतिरिक्त विद्युत आबंटित की है ताकि राज्य निम्नलिखित विवरण के अनुसार विद्युत मांग को पूरा कर सके:

(i) दिनांक 01.04.2024 से 30.06.2024 तक आबंटित 150 मेगावाट;

(ii) दिनांक 26.06.2024 से 10.11.2024 तक आबंटित 400 मेगावाट;

(iii) दिनांक 11.07.2024 से 30.09.2024 तक आबंटित 500 मेगावाट;

(iv) दिनांक 07.08.2024 से 31.10.2024 तक आबंटित 265 मेगावाट;

(v) दिनांक 01.10.2024 से 31.12.2024 तक आबंटित 200 मेगावाट; और

(vi) दिनांक 16.10.2024 से 31.03.2025 तक आबंटित 300 मेगावाट।

**लो.स.अतारां.प्र.सं. 3932**

**अनुबंध-I**

**पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष अर्थात् 2024-25 (अक्तूबर, 2024 तक) के लिए ऊर्जा उत्पादन का राज्यवार ब्यौरा**

**सभी आंकड़े मिलियन यूनिट में**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 (अक्तूबर, 2024 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 17 | 158 | 152 | 253 | 375 | 239 |
| आंध्र प्रदेश | 76,936 | 66,883 | 74,198 | 81,702 | 90,081 | 54,625 |
| अरुणाचल प्रदेश | 1,788 | 3,453 | 4,163 | 4,846 | 4,281 | 3,220 |
| असम | 8,089 | 6,021 | 8,399 | 9,154 | 9,429 | 6,051 |
| बिहार | 35,720 | 34,093 | 44,180 | 55,489 | 58,704 | 36,162 |
| छत्तीसगढ़ | 1,19,337 | 1,36,668 | 1,43,213 | 1,44,840 | 1,65,187 | 97,290 |
| दिल्ली | 6,439 | 5,731 | 5,408 | 4,314 | 4,484 | 3,662 |
| गोवा | 1 | 1 | 17 | 20 | 68 | 38 |
| गुजरात | 1,24,666 | 1,21,859 | 87,887 | 95,018 | 1,35,399 | 96,299 |
| हरियाणा | 18,051 | 15,657 | 24,103 | 33,559 | 29,849 | 20,769 |
| हिमाचल प्रदेश | 43,002 | 39,633 | 38,504 | 41,580 | 38,953 | 35,171 |
| जम्मू और कश्मीर | 18,537 | 17,442 | 17,490 | 17,170 | 16,283 | 13,005 |
| झारखंड | 26,247 | 27,469 | 28,916 | 30,800 | 35,985 | 23,557 |
| कर्नाटक | 70,777 | 67,393 | 80,568 | 85,189 | 91,469 | 56,826 |
| केरल | 6,271 | 7,830 | 10,932 | 9,935 | 7,360 | 6,274 |
| लद्दाख | 270 | 376 | 406 | 403 | 388 | 337 |
| लक्षद्वीप | 1 | 0 | 0 | 15 | 65 | 39 |
| मध्य प्रदेश | 1,29,398 | 1,38,085 | 1,43,038 | 1,52,021 | 1,64,780 | 95,767 |
| महाराष्ट्र | 1,45,404 | 1,31,805 | 1,53,066 | 1,58,994 | 1,69,038 | 99,541 |
| मणिपुर | 371 | 630 | 462 | 487 | 307 | 431 |
| मेघालय | 1,081 | 1,209 | 887 | 1,052 | 876 | 845 |
| मिजोरम | 227 | 193 | 165 | 266 | 218 | 244 |
| नागालैंड | 257 | 274 | 164 | 289 | 246 | 255 |
| ओडिशा | 49,037 | 62,944 | 66,473 | 71,529 | 73,444 | 43,743 |
| पुदुचेरी | 260 | 238 | 263 | 245 | 236 | 130 |
| पंजाब | 28,748 | 25,606 | 31,128 | 40,076 | 41,261 | 26,280 |
| राजस्थान | 70,291 | 70607 | 83,997 | 1,05,963 | 1,16,845 | 75,838 |
| सिक्किम | 11,088 | 10,936 | 11,506 | 11,709 | 8,622 | 1,648 |
| तमिलनाडु | 1,03,262 | 91,736 | 1,06,081 | 1,16,688 | 1,23,311 | 81,024 |
| तेलंगाना | 58,649 | 55,339 | 64,523 | 64,178 | 65,666 | 41,144 |
| त्रिपुरा | 6,121 | 7,059 | 6,340 | 7,086 | 6,360 | 2,965 |
| उत्तर प्रदेश | 1,29,323 | 1,32,669 | 1,43,159 | 1,63,447 | 1,65,052 | 1,05,766 |
| उत्तराखंड | 17,735 | 15,551 | 16,216 | 16,368 | 15,460 | 12,561 |
| पश्चिम बंगाल | 75,787 | 77,478 | 88,252 | 92,995 | 94,250 | 57,597 |
| दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 28 | 52 | 97 | 31 | 29 | 16 |
| चंडीगढ़ | 13 | 10 | 14 | 13 | 12 | 6 |
| **कुल** | **13,83,327** | **13,73,090*** | **14,84,366** | **16,17,724** | **17,34,375** | **10,99,370** |

* कोविड महामारी काल

<u>लो.स.अतारां.प्र.सं. 3932</u>

<u>अनुबंध-II (1/4)</u>

**वर्ष 2018-19 और 2019-20 के लिए ऊर्जा की आवश्यकता और ऊर्जा की आपूर्ति (राजस्थान सहित) का राज्यवार ब्यौरा**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | अप्रैल, 2018 - मार्च, 2019 | | | | अप्रैल, 2019 - मार्च, 2020 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ऊर्जा की आवश्यकता | ऊर्जा की आपूर्ति | ऊर्जा की आपूर्ति नहीं हुई | | ऊर्जा की आवश्यकता | ऊर्जा की आपूर्ति | ऊर्जा की आपूर्ति नहीं हुई | |
| | (एमयू) | (एमयू) | (एमयू) | (%) | (एमयू) | (एमयू) | (एमयू) | (%) |
| चंडीगढ़ | 1,571 | 1,571 | 0 | 0.0 | 1,732 | 1,732 | 0 | 0.0 |
| दिल्ली | 32,299 | 32,282 | 17 | 0.1 | 33,086 | 33,077 | 9 | 0.0 |
| हरियाणा | 53,665 | 53,665 | 0 | 0.0 | 54,505 | 54,492 | 13 | 0.0 |
| हिमाचल प्रदेश | 9,850 | 9,618 | 232 | 2.4 | 10,424 | 10,353 | 71 | 0.7 |
| जम्मू-कश्मीर और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र | 18,988 | 15,616 | 3,372 | 17.8 | 20,025 | 16,259 | 3,767 | 18.8 |
| पंजाब | 55,328 | 55,315 | 13 | 0.0 | 56,776 | 56,770 | 6 | 0.0 |
| राजस्थान | 79,815 | 79,626 | 189 | 0.2 | 81,281 | 81,222 | 58 | 0.1 |
| उत्तर प्रदेश | 1,17,133 | 1,16,149 | 984 | 0.8 | 1,22,549 | 1,21,004 | 1,545 | 1.3 |
| उत्तराखंड | 13,845 | 13,753 | 92 | 0.7 | 14,472 | 14,376 | 96 | 0.7 |
| छत्तीसगढ | 26,471 | 26,417 | 54 | 0.2 | 30,111 | 30,107 | 4 | 0.0 |
| गुजरात | 1,16,372 | 1,16,356 | 15 | 0.0 | 1,13,940 | 1,13,939 | 1 | 0.0 |
| मध्य प्रदेश | 76,056 | 76,054 | 2 | 0.0 | 76,172 | 76,172 | 0 | 0.0 |
| महाराष्ट्र | 1,58,295 | 1,58,157 | 137 | 0.1 | 1,55,167 | 1,55,166 | 0 | 0.0 |
| दमन और दीव | 2,558 | 2,558 | 0 | 0.0 | 2,574 | 2,574 | 0 | 0.0 |
| दादरा एवं नगर हवेली | 6,303 | 6,302 | 0 | 0.0 | 6,528 | 6,528 | 0 | 0.0 |
| गोवा | 4,295 | 4,292 | 3 | 0.1 | 4,350 | 4,350 | 0 | 0.0 |
| आंध्र प्रदेश | 63,861 | 63,804 | 58 | 0.1 | 65,452 | 65,414 | 38 | 0.1 |
| तेलंगाना | 66,489 | 66,427 | 62 | 0.1 | 68,306 | 68,303 | 3 | 0.0 |
| कर्नाटक | 71,764 | 71,695 | 69 | 0.1 | 72,799 | 72,796 | 3 | 0.0 |
| केरल | 25,016 | 24,898 | 118 | 0.5 | 26,315 | 26,265 | 50 | 0.2 |
| तमिलनाडु | 1,09,482 | 1,09,380 | 102 | 0.1 | 1,08,816 | 1,08,812 | 4 | 0.0 |
| पुदुचेरी | 2,766 | 2,756 | 10 | 0.3 | 2,847 | 2,846 | 1 | 0.0 |
| लक्षद्वीप | 46 | 46 | 0 | 0.0 | 46 | 46 | 0 | 0.0 |
| बिहार | 30,061 | 29,825 | 236 | 0.8 | 31,627 | 31,533 | 94 | 0.3 |
| डीवीसी | 22,745 | 22,372 | 372 | 1.6 | 22,429 | 22,427 | 2 | 0.0 |
| झारखंड | 8,737 | 8,490 | 247 | 2.8 | 8,941 | 8,872 | 69 | 0.8 |
| ओडिशा | 32,145 | 32,115 | 30 | 0.1 | 29,692 | 29,692 | 0 | 0.0 |
| पश्चिम बंगाल | 51,471 | 51,287 | 184 | 0.4 | 52,948 | 52,824 | 124 | 0.2 |
| सिक्किम | 527 | 527 | 0 | 0.1 | 554 | 554 | 0 | 0.0 |
| अंडमान-निकोबार | 346 | 323 | 23 | 6.7 | 346 | 323 | 23 | 6.7 |
| अरुणाचल प्रदेश | 869 | 859 | 9 | 1.1 | 753 | 749 | 4 | 0.5 |
| असम | 9,566 | 9,238 | 328 | 3.4 | 9,804 | 9,288 | 516 | 5.3 |
| मणिपुर | 905 | 895 | 10 | 1.2 | 924 | 917 | 6 | 0.7 |
| मेघालय | 1,957 | 1,956 | 2 | 0.1 | 2,112 | 2,064 | 48 | 2.3 |
| मिजोरम | 643 | 635 | 8 | 1.2 | 647 | 643 | 4 | 0.7 |
| नागालैंड | 888 | 795 | 93 | 10.5 | 814 | 809 | 5 | 0.7 |
| त्रिपुरा | 1,863 | 1,841 | 22 | 1.2 | 1,538 | 1,515 | 23 | 1.5 |
| **अखिल भारतीय** | **12,74,595** | **12,67,526** | **7,070** | **0.6** | **12,91,010** | **12,84,444** | **6,566** | **0.5** |

**वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए ऊर्जा की आवश्यकता और ऊर्जा की आपूर्ति (राजस्थान सहित) का राज्यवार ब्यौरा**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | अप्रैल, 2020 - मार्च, 2021 | | | | अप्रैल, 2021 - मार्च, 2022 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ऊर्जा की आवश्यकता | ऊर्जा की आपूर्ति | ऊर्जा की आपूर्ति नहीं हुई | | ऊर्जा की आवश्यकता | ऊर्जा आपूर्ति | ऊर्जा की आपूर्ति नहीं हुई | |
| | (एमयू) | (एमयू) | (एमयू) | (%) | (एमयू) | (एमयू) | (एमयू) | (%) |
| चंडीगढ़ | 1,523 | 1,523 | 0 | 0.0 | 1,606 | 1,606 | 0 | 0.0 |
| दिल्ली | 29,560 | 29,555 | 4 | 0.0 | 31,128 | 31,122 | 6 | 0.0 |
| हरियाणा | 53,161 | 53,108 | 53 | 0.1 | 55,499 | 55,209 | 290 | 0.5 |
| हिमाचल प्रदेश | 10,186 | 10,130 | 56 | 0.5 | 12,115 | 12,088 | 27 | 0.2 |
| जम्मू-कश्मीर और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र | 19,773 | 17,222 | 2,551 | 12.9 | 19,957 | 18,434 | 1,524 | 7.6 |
| पंजाब | 58,445 | 58,377 | 67 | 0.1 | 62,846 | 62,411 | 436 | 0.7 |
| राजस्थान | 85,311 | 85,205 | 106 | 0.1 | 89,814 | 89,310 | 504 | 0.6 |
| उत्तर प्रदेश | 1,24,367 | 1,23,383 | 984 | 0.8 | 1,29,448 | 1,28,310 | 1,138 | 0.9 |
| उत्तराखंड | 13,827 | 13,818 | 8 | 0.1 | 15,521 | 15,426 | 94 | 0.6 |
| छत्तीसगढ | 30,472 | 30,449 | 22 | 0.1 | 31,908 | 31,872 | 35 | 0.1 |
| गुजरात | 1,11,622 | 1,11,622 | 0 | 0.0 | 1,23,953 | 1,23,666 | 287 | 0.2 |
| मध्य प्रदेश | 83,437 | 83,437 | 0 | 0.0 | 86,501 | 86,455 | 46 | 0.1 |
| महाराष्ट्र | 1,50,679 | 1,50,663 | 16 | 0.0 | 1,72,823 | 1,72,809 | 14 | 0.0 |
| दमन और दीव | 2,223 | 2,223 | 0 | 0.0 | 2,594 | 2,594 | 0 | 0.0 |
| दादरा एवं नगर हवेली | 5,497 | 5,497 | 0 | 0.0 | 6,839 | 6,839 | 0 | 0.0 |
| गोवा | 4,083 | 4,083 | 0 | 0.0 | 4,448 | 4,448 | 0 | 0.0 |
| आंध्र प्रदेश | 62,080 | 62,076 | 4 | 0.0 | 68,413 | 68,219 | 194 | 0.3 |
| तेलंगाना | 66,998 | 66,994 | 4 | 0.0 | 70,539 | 70,523 | 16 | 0.0 |
| कर्नाटक | 68,851 | 68,831 | 19 | 0.0 | 72,437 | 72,417 | 20 | 0.0 |
| केरल | 25,118 | 25,102 | 16 | 0.1 | 26,579 | 26,570 | 9 | 0.0 |
| तमिलनाडु | 1,01,194 | 1,01,189 | 5 | 0.0 | 1,09,816 | 1,09,798 | 18 | 0.0 |
| पुदुचेरी | 2,644 | 2,644 | 0 | 0.0 | 2,894 | 2,893 | 1 | 0.0 |
| लक्षद्वीप | 56 | 56 | 0 | 0.0 | 56 | 56 | 0 | 0.0 |
| बिहार | 34,171 | 34,018 | 153 | 0.4 | 36,216 | 35,761 | 455 | 1.3 |
| डीवीसी | 21,368 | 21,368 | 0 | 0.0 | 23,741 | 23,736 | 4 | 0.0 |
| झारखंड | 9,953 | 9,675 | 278 | 2.8 | 11,148 | 10,590 | 558 | 5.0 |
| ओडिशा | 29,848 | 29,848 | 0 | 0.0 | 38,339 | 38,332 | 7 | 0.0 |
| पश्चिम बंगाल | 51,644 | 51,543 | 100 | 0.2 | 54,001 | 53,945 | 57 | 0.1 |
| सिक्किम | 546 | 546 | 0 | 0.0 | 610 | 609 | 0 | 0.0 |
| अंडमान-निकोबार | 346 | 323 | 23 | 6.7 | 335 | 327 | 8 | 2.3 |
| अरुणाचल प्रदेश | 719 | 714 | 5 | 0.7 | 875 | 874 | 1 | 0.1 |
| असम | 10,192 | 9,815 | 377 | 3.7 | 10,844 | 10,825 | 19 | 0.2 |
| मणिपुर | 974 | 969 | 5 | 0.5 | 1,019 | 1,018 | 1 | 0.1 |
| मेघालय | 2,031 | 2,005 | 26 | 1.3 | 2,256 | 2,243 | 13 | 0.6 |
| मिजोरम | 728 | 723 | 4 | 0.6 | 656 | 644 | 12 | 1.8 |
| नागालैंड | 826 | 822 | 4 | 0.5 | 852 | 851 | 1 | 0.1 |
| त्रिपुरा | 1,484 | 1,481 | 3 | 0.2 | 1,578 | 1,578 | 0 | 0.0 |
| **अखिल भारतीय** | **12,75,534** | **12,70,663** | **4,871** | **0.4** | **13,79,812** | **13,74,024** | **5,787** | **0.4** |

**लो.स.अतारां.प्र.सं. 3932**

**अनुबंध-II (3/4)**

**वर्ष 2022-23 और 2023-24 के लिए ऊर्जा की आवश्यकता और ऊर्जा की आपूर्ति (राजस्थान सहित) का राज्यवार ब्यौरा**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | अप्रैल, 2022 - मार्च, 2023 | | | | अप्रैल, 2023 - मार्च, 2024 | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ऊर्जा की आवश्यकता | ऊर्जा की आपूर्ति | ऊर्जा की आपूर्ति नहीं हुई | | ऊर्जा की आवश्यकता | ऊर्जा आपूर्ति | ऊर्जा की आपूर्ति नहीं हुई | |
| | (एमयू) | (एमयू) | (एमयू) | (%) | (एमयू) | (एमयू) | (एमयू) | (एमयू) |
| चंडीगढ़ | 1,788 | 1,788 | 0 | 0.0 | 1,789 | 1,789 | 0 | 0.0 |
| दिल्ली | 35,143 | 35,133 | 10 | 0.0 | 35,501 | 35,496 | 5 | 0.0 |
| हरियाणा | 61,451 | 60,945 | 506 | 0.8 | 63,983 | 63,636 | 348 | 0.5 |
| हिमाचल प्रदेश | 12,649 | 12,542 | 107 | 0.8 | 12,805 | 12,767 | 38 | 0.3 |
| जम्मू-कश्मीर और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र | 19,639 | 19,322 | 317 | 1.6 | 20,040 | 19,763 | 277 | 1.4 |
| पंजाब | 69,522 | 69,220 | 302 | 0.4 | 69,533 | 69,528 | 5 | 0.0 |
| राजस्थान | 1,01,801 | 1,00,057 | 1,745 | 1.7 | 1,07,422 | 1,06,806 | 616 | 0.6 |
| उत्तर प्रदेश | 1,44,251 | 1,43,050 | 1,201 | 0.8 | 1,48,791 | 1,48,287 | 504 | 0.3 |
| उत्तराखंड | 15,647 | 15,386 | 261 | 1.7 | 15,644 | 15,532 | 112 | 0.7 |
| छत्तीसगढ | 37,446 | 37,374 | 72 | 0.2 | 39,930 | 39,872 | 58 | 0.1 |
| गुजरात | 1,39,043 | 1,38,999 | 44 | 0.0 | 1,45,768 | 1,45,740 | 28 | 0.0 |
| मध्य प्रदेश | 92,683 | 92,325 | 358 | 0.4 | 99,301 | 99,150 | 151 | 0.2 |
| महाराष्ट्र | 1,87,309 | 1,87,197 | 111 | 0.1 | 2,07,108 | 2,06,931 | 176 | 0.1 |
| दमन और दीव<br>दादरा एवं नगर हवेली | 10,018 | 10,018 | 0 | 0.0 | 10,164 | 10,164 | 0 | 0.0 |
| गोवा | 4,669 | 4,669 | 0 | 0.0 | 5,111 | 5,111 | 0 | 0.0 |
| आंध्र प्रदेश | 72,302 | 71,893 | 410 | 0.6 | 80,209 | 80,151 | 57 | 0.1 |
| तेलंगाना | 77,832 | 77,799 | 34 | 0.0 | 84,623 | 84,613 | 9 | 0.0 |
| कर्नाटक | 75,688 | 75,663 | 26 | 0.0 | 94,088 | 93,934 | 154 | 0.2 |
| केरल | 27,747 | 27,726 | 21 | 0.1 | 30,943 | 30,938 | 5 | 0.0 |
| तमिलनाडु | 1,14,798 | 1,14,722 | 77 | 0.1 | 1,26,163 | 1,26,151 | 12 | 0.0 |
| पुदुचेरी | 3,051 | 3,050 | 1 | 0.0 | 3,456 | 3,455 | 1 | 0.0 |
| लक्षद्वीप | 64 | 64 | 0 | 0.0 | 64 | 64 | 0 | 0.0 |
| बिहार | 39,545 | 38,762 | 783 | 2.0 | 41,514 | 40,918 | 596 | 1.4 |
| डीवीसी | 26,339 | 26,330 | 9 | 0.0 | 26,560 | 26,552 | 8 | 0.0 |
| झारखंड | 13,278 | 12,288 | 990 | 7.5 | 14,408 | 13,858 | 550 | 3.8 |
| ओडिशा | 42,631 | 42,584 | 47 | 0.1 | 41,358 | 41,333 | 25 | 0.1 |
| पश्चिम बंगाल | 60,348 | 60,274 | 74 | 0.1 | 67,576 | 67,490 | 86 | 0.1 |
| सिक्किम | 587 | 587 | 0 | 0.0 | 544 | 543 | 0 | 0.0 |
| अंडमान-निकोबार | 348 | 348 | 0 | 0.1 | 386 | 374 | 12 | 3.2 |
| अरुणाचल प्रदेश | 915 | 892 | 24 | 2.6 | 1,014 | 1,014 | 0 | 0.0 |
| असम | 11,465 | 11,465 | 0 | 0.0 | 12,445 | 12,341 | 104 | 0.8 |
| मणिपुर | 1,014 | 1,014 | 0 | 0.0 | 1,023 | 1,008 | 15 | 1.5 |
| मेघालय | 2,237 | 2,237 | 0 | 0.0 | 2,236 | 2,066 | 170 | 7.6 |
| मिजोरम | 645 | 645 | 0 | 0.0 | 684 | 684 | 0 | 0.0 |
| नागालैंड | 926 | 873 | 54 | 5.8 | 921 | 921 | 0 | 0.0 |
| त्रिपुरा | 1,547 | 1,547 | 0 | 0.0 | 1,691 | 1,691 | 0 | 0.0 |
| **अखिल भारतीय** | **15,13,497** | **15,05,914** | **7,583** | **0.5** | **16,26,132** | **16,22,020** | **4,112** | **0.3** |

**वर्ष 2024-25 (अक्तूबर, 2024 तक) और 2023-24 के लिए ऊर्जा की आवश्यकता और ऊर्जा की आपूर्ति (राजस्थान सहित) का राज्य-वार ब्यौरा**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | अप्रैल, 2024 - अक्तूबर, 2024 | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ऊर्जा की आवश्यकता | ऊर्जा की आपूर्ति | ऊर्जा की आपूर्ति नहीं हुई | |
| | (एमयू) | (एमयू) | (एमयू) | (%) |
| चंडीगढ़ | 1,360 | 1,360 | 0 | 0.0 |
| दिल्ली | 26,704 | 26,693 | 11 | 0.0 |
| हरियाणा | 47,519 | 47,490 | 29 | 0.1 |
| हिमाचल प्रदेश | 7,989 | 7,964 | 25 | 0.3 |
| जम्मू-कश्मीर और लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र | 11,097 | 11,042 | 55 | 0.5 |
| पंजाब | 54,610 | 54,610 | 0 | 0.0 |
| राजस्थान | 65,163 | 64,860 | 304 | 0.5 |
| उत्तर प्रदेश | 1,11,484 | 1,11,188 | 296 | 0.3 |
| उत्तराखंड | 10,520 | 10,479 | 41 | 0.4 |
| छत्तीसगढ | 25,656 | 25,640 | 17 | 0.1 |
| गुजरात | 89,842 | 89,842 | 0 | 0.0 |
| मध्य प्रदेश | 55,921 | 55,841 | 80 | 0.1 |
| महाराष्ट्र | 1,14,835 | 1,14,777 | 58 | 0.1 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 6,351 | 6,351 | 0 | 0.0 |
| गोवा | 3,157 | 3,157 | 0 | 0.0 |
| आंध्र प्रदेश | 46,477 | 46,475 | 1 | 0.0 |
| तेलंगाना | 48,387 | 48,385 | 2 | 0.0 |
| कर्नाटक | 50,019 | 50,018 | 2 | 0.0 |
| केरल | 18,414 | 18,407 | 8 | 0.0 |
| तमिलनाडु | 79,602 | 79,600 | 2 | 0.0 |
| पुदुचेरी | 2,206 | 2,205 | 0 | 0.0 |
| लक्षद्वीप | 39 | 39 | 0 | 0.0 |
| बिहार | 29,804 | 29,656 | 148 | 0.5 |
| डीवीसी | 15,539 | 15,536 | 3 | 0.0 |
| झारखंड | 9,355 | 9,286 | 69 | 0.7 |
| ओडिशा | 27,015 | 26,991 | 24 | 0.1 |
| पश्चिम बंगाल | 46,772 | 46,687 | 84 | 0.2 |
| सिक्किम | 297 | 297 | 0 | 0.0 |
| अंडमान-निकोबार | 248 | 240 | 8 | 3.4 |
| अरुणाचल प्रदेश | 601 | 601 | 0 | 0.0 |
| असम | 8,538 | 8,533 | 6 | 0.1 |
| मणिपुर | 580 | 579 | 0 | 0.1 |
| मेघालय | 1,128 | 1,128 | 0 | 0.0 |
| मिजोरम | 391 | 391 | 0 | 0.0 |
| नागालैंड | 570 | 570 | 0 | 0.0 |
| त्रिपुरा | 1,235 | 1,235 | 0 | 0.0 |
| **अखिल भारतीय** | **10,26,642** | **10,25,379** | **1,263** | **0.1** |

**निर्माणाधीन तापविद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा:**

| क्रम सं. | परियोजना का नाम/ कार्यान्वयन एजेंसी | क्षेत्र | राज्य | इकाई सं. | क्षमता (मेगावाट) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | घाटमपुर टीपीपी (एनयूपीपीएल) | केन्द्रीय | उत्तर प्रदेश | यू-1 | 660 |
| 2 | यदाद्रि टीपीएस (टीएसजेनको) | राज्य | तेलंगाना | यू-2 | 800 |
| 3 | खुर्जा एससीटीपीपी (टीएचडीसी) | केन्द्रीय | उत्तर प्रदेश | यू-1 | 660 |
| 4 | जवाहरपुर एसटीपीपी (यूपीआरवीयूएनएल) | राज्य | उत्तर प्रदेश | यू-2 | 660 |
| 5 | उत्तरी चेन्नई टीपीपी स्टेज-III (टैंजेडको) | राज्य | तमिलनाडु | यू-1 | 800 |
| 6 | यदाद्री टीपीएस (टीएसजेनको) | राज्य | तेलंगाना | यू-1 | 800 |
| 7 | ओबरा-सी एसटीपीपी (यूपीआरवीयूएनएल) | राज्य | उत्तर प्रदेश | यू-2 | 660 |
| 8 | भुसावल टीपीएस (महाजेनको) | राज्य | महाराष्ट्र | यू-6 | 660 |
| 9 | पतरातू एसटीपीपी (पीवीयूएनएल) | केन्द्रीय | झारखंड | यू-1 | 800 |
| 10 | पनकी टीपीएस एक्सटेंशन। (यूपीआरवीयूएनएल) | राज्य | उत्तर प्रदेश | यू-1 | 660 |
| 11 | यदाद्रि टीपीएस (टीएसजेनको) | राज्य | तेलंगाना | यू-4 | 800 |
| 12 | बाढ़ एसटीपीपी स्टेज-I (एनटीपीसी) | केन्द्रीय | बिहार | यू-3 | 660 |
| 13 | बक्सर टीपीपी (एसजेवीएन) | केन्द्रीय | बिहार | यू-1 | 660 |
| 14 | उत्तरी करणपुरा एसटीपीपी (एनटीपीसी) | केन्द्रीय | झारखंड | यू-3 | 660 |
| 15 | घाटमपुर टीपीपी (एनयूपीपीएल) | केन्द्रीय | उत्तर प्रदेश | यू-2 | 660 |
| 16 | उडानगुडी एसटीपीपी स्टेज-I (टैंजेडको) | राज्य | तमिलनाडु | यू-1 | 660 |
| 17 | यदाद्री टीपीएस (टीएसजेनको) | राज्य | तेलंगाना | यू-3 | 800 |
| 18 | खुर्जा एससीटीपीपी (टीएचडीसी) | केन्द्रीय | उत्तर प्रदेश | यू-2 | 660 |
| 19 | सागरदिघी टीपीपी स्टेज-III (डब्ल्यूबीपीडीसीएल) | राज्य | पश्चिम बंगाल | यू-5 | 660 |
| 20 | उडानगुडी एसटीपीपी स्टेज-I (टैंजेडको) | राज्य | तमिलनाडु | यू-2 | 660 |
| 21 | यदाद्री टीपीएस (टीएसजेनको) | राज्य | तेलंगाना | यू-5 | 800 |
| 22 | बक्सर टीपीपी (एसजेवीएन) | केन्द्रीय | बिहार | यू-2 | 660 |
| 23 | घाटमपुर टीपीपी (एनयूपीपीएल) | केन्द्रीय | उत्तर प्रदेश | यू-3 | 660 |
| 24 | पतरातू एसटीपीपी (पीवीयूएनएल) | केन्द्रीय | झारखंड | यू-2 | 800 |
| 25 | पतरातू एसटीपीपी (पीवीयूएनएल) | केन्द्रीय | झारखंड | यू-3 | 800 |
| 26 | एन्नोर एससीटीपीपी (टैंजेडको) | राज्य | तमिलनाडु | यू-1 | 660 |
| 27 | एन्नोर एससीटीपीपी (टैंजेडको) | राज्य | तमिलनाडु | यू-2 | 660 |
| 28 | महान यूएससीटीपीपी चरण-II (अडानी पावर) | निजी | मध्य प्रदेश | यू-3 | 800 |
| 29 | महान यूएससीटीपीपी चरण-II (अडानी पावर) | निजी | मध्य प्रदेश | यू-4 | 800 |
| 30 | तालचेर टीपीपी स्टेज-III (एनटीपीसी) | केन्द्रीय | ओडिशा | यू-1 | 660 |
| 31 | तालचेर टीपीपी स्टेज-III (एनटीपीसी) | केन्द्रीय | ओडिशा | यू-2 | 660 |
| 32 | लारा एसटीपीपी स्टेज-II (एनटीपीसी) | केन्द्रीय | छत्तीसगढ | यू-1 | 800 |
| 33 | एनएलसी तालाबीरा टीपीपी (एनएलसी) | केन्द्रीय | ओडिशा | यू-1 | 800 |
| 34 | लारा एसटीपीपी स्टेज-II (एनटीपीसी) | केन्द्रीय | छत्तीसगढ | यू-2 | 800 |
| 35 | एनएलसी तालाबीरा टीपीपी (एनएलसी) | केन्द्रीय | ओडिशा | यू-2 | 800 |
| 36 | एनएलसी तालाबीरा टीपीपी (एनएलसी) | केन्द्रीय | ओडिशा | यू-3 | 800 |
| 37 | सिंगरौली एसटीपीपी, स्टेज-III (एनटीपीसी) | केन्द्रीय | उत्तर प्रदेश | यू-1 | 800 |
| 38 | डीसीआरटीपीपी एक्सटेंशन. (एचपीजीसीएल) | राज्य | हरियाणा | यू-1 | 800 |
| 39 | सीपत एसटीपीपी, स्टेज-III (एनटीपीसी) | केन्द्रीय | छत्तीसगढ | यू-6 | 800 |
| 40 | सिंगरौली एसटीपीपी, स्टेज-III (एनटीपीसी) | केन्द्रीय | उत्तर प्रदेश | यू-2 | 800 |
| | **महा योग (सक्रिय रूप से निर्माणाधीन)** | | | | **29200** |

**निर्माणाधीन जलविद्युत परियोजनाओं (25 मेगावाट से अधिक) का ब्यौरा**

| क्रम सं. | परियोजना का नाम (कार्यकारी एजेंसी) | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कार्यान्वयनाधीन क्षमता (मेगावाट) |
|---|---|---|---|
| | **केन्द्रीय क्षेत्र** | | |
| | **एनएचपीसी** | | |
| 1 | सुबानसिरी लोअर (एनएचपीसी) | अरुणाचल प्रदेश/असम | 2000.00 |
| 2 | पारबती स्टेज-II (एनएचपीसी) | हिमाचल प्रदेश | 800.00 |
| 3 | दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना (एनएचपीसी) | अरुणाचल प्रदेश | 2880.00 |
| 4 | तीस्ता स्टेज-VI एनएचपीसी | सिक्किम | 500.00 |
| 5 | रंगित-IV (एनएचपीसी) | सिक्किम | 120.00 |
| 6 | रतले (आरएचईपीपीएल/एनएचपीसी) | जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र | 850.00 |
| | **सीवीपीपीएल** | | |
| 7 | पाकल दुल (सीवीपीपीएल) | जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र | 1000.00 |
| 8 | किरू (सीवीपीपीएल) | जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र | 624.00 |
| 9 | क्वार (सीवीपीपीपीएल) | जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र | 540.00 |
| | **एसजेवीएन** | | |
| 10 | लुहरी-I (एसजेवीएन) | हिमाचल प्रदेश | 210.00 |
| 11 | धौलासिद्ध (एसजेवीएन) | हिमाचल प्रदेश | 66.00 |
| 12 | सुन्नी बांध (एसजेवीएन) | हिमाचल प्रदेश | 382.00 |
| | **टीएचडीसी** | | |
| 13 | विष्णुगाड पीपलकोटी (टीएचडीसी) | उत्तराखंड | 444.00 |
| | **एनटीपीसी** | | |
| 14 | तपोवन विष्णुगाड (एनटीपीसी) | उत्तराखंड | 520.00 |
| 15 | रम्माम-III (एनटीपीसी) | पश्चिम बंगाल | 120.00 |
| | **उप योग: केन्द्रीय क्षेत्र** | | **11056.00** |
| | **राज्य क्षेत्र** | | |
| | **एपीजेनको** | | |
| 16 | पोलावरम (एपीजेनको/सिंचाई विभाग, आ.प्र.) | आंध्र प्रदेश | 960.00 |
| 17 | लोअर सिलेरू एक्सटेंशन (एपीजेनको) | आंध्र प्रदेश | 230.00 |
| | **एचपीपीसीएल** | | |
| 18 | शोंगटोंग करछम (एचपीपीसीएल) | हिमाचल प्रदेश | 450.00 |
| 19 | चांजू-III (एचपीपीसीएल) | हिमाचल प्रदेश | 48.00 |
| | **केएसईबी** | | |
| 20 | पल्लीवासल (केएसईबी) | केरल | 60.00 |
| 21 | मंकुलम (केएसईबी) | केरल | 40.00 |
| | **एपीजीसीएल** | | |
| 22 | लोअर कोपली (एपीजीसीएल) | असम | 120.00 |
| | **बीवीपीसीएल** | | |
| 23 | उहल-III (बीवीपीसीएल) | हिमाचल प्रदेश | 100.00 |
| | **जेकेपीडीसी** | | |
| 24 | परनई (जेकेएसपीडीसी) | जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र | 37.50 |
| | **पीएसपीसीएल** | | |
| 25 | शाहपुरकंडी (पीएसपीसीएल/सिंचाई विभाग, पंजाब) | पंजाब | 206.00 |
| | **यूजेवीएनएल** | | |
| 26 | लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना (यूजेवीएनएल) | उत्तराखंड | 300.00 |
| | **उप योग : राज्य क्षेत्र** | | **2551.50** |
| | **निजी क्षेत्र** | | |
| | **स्टेटक्राफ्ट** | | |
| 27 | टिडोंग-I (स्टेटक्राफ्ट आईपीएल) | हिमाचल प्रदेश | 150.00 |
| | **जेएसडब्ल्यू** | | |
| 28 | कुटेहर (जेएसडब्ल्यू एनर्जी लिमिटेड) | हिमाचल प्रदेश | 240.00 |
| | **उप योग : निजी क्षेत्र** | | **390.00** |
| | **कुल:** | | **13997.50** |

## कार्यान्वयनाधीन पम्प भंडारण परियोजनाओं (25 मेगावाट से अधिक) का ब्यौरा

| क्रम सं. | परियोजना का नाम (कार्यकारी एजेंसी) | राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | कार्यान्वयनाधीन क्षमता (मेगावाट) |
|---|---|---|---|
| **केन्द्रीय क्षेत्र** | | | |
| | **टीएचडीसी** | | |
| 1 | टिहरी पीएसएस (टीएचडीसी) | उत्तराखंड | 1000.00 |
| **उप-योग: केन्द्रीय क्षेत्र** | | | **1000.00** |
| **राज्य क्षेत्र** | | | |
| | **एपीजेनको** | | |
| 2 | अपर सिलेरू पीएसपी (एपीजेनको) | आंध्र प्रदेश | 1350.00 |
| | **केपीसीएल** | | |
| 3 | शरावती पम्प स्टोरेज परियोजना | कर्नाटक | 2000.00 |
| | **टैनजेडको** | | |
| 4 | कुंदा पंप स्टोरेज चरण- I, II और III) | तमिलनाडु | 500.00 |
| **उप-योग: राज्य क्षेत्र** | | | **3850.00** |
| **निजी क्षेत्र** | | | |
| | **ग्रीनको** | | |
| 5 | पिन्नापुरम (ग्रीनको एपी 01 आईआरईपी प्राइवेट लिमिटेड) | आंध्र प्रदेश | 1200.00 |
| **उप-योग: निजी क्षेत्र** | | | **1200.00** |
| **महा योग** | | | **6050.00** |

## निर्माणाधीन न्यूक्लियर ऊर्जा परियोजनाओं का ब्यौरा

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | राज्य | इकाई सं. | क्षमता (मेगावाट)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गोरखपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र | हरियाणा | यू-1<br>यू-2 | 1400 |
| 2 | राजस्थान परमाणु ऊर्जा स्टेशन | राजस्थान | यू-7<br>यू-8 | 1400 |
| 3 | कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र | तमिलनाडु | यू-3<br>यू-4<br>यू-5<br>यू-6 | 4000 |
| 4 | पीएफबीआर (भवानी) | तमिलनाडु | - | 500 |
| **महा योग** | | | | **7300** |

**प्रशासनिक संस्वीकृति प्राप्त न्यूक्लियर क्षमता का ब्यौरा**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राज्य | इकाई सं. | क्षमता (मेगावाट) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गोरखपुर | हरियाणा | यूनिट # 3 एवं 4 | 1400 |
| 2 | माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना | राजस्थान | यूनिट # 1,2,3 एवं 4 | 2800 |
| 3 | चुटका | मध्य प्रदेश | यूनिट # 1 एवं 2 | 1400 |
| 4 | कैगा जनरेटिंग स्टेशन | कर्नाटक | यूनिट # 5 एवं 6 | 1400 |
| **महा योग** | | | | **7000** |

************